महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः रू.वि. / कु.स.का. / 2024 / 360 दिनांकः14.03.2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः— स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत स्मार्टफोन वितरण योजना के अन्तर्गत शेष चयनित छात्र—छात्राओं का डाटा जनपद की डिजीशक्ति पोर्टल पर चयनित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उर्पयुक्त विषयक अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), बरेली के कार्यालय पंत्राक संख्या 709 / रीडर—2024 दिनांक 24.02.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना "डिजीशक्ति पोर्टल का अवलोकन करने पर पाया गया कि जनपद बरेली के विभिन्न कॉलेज / शैक्षिक संस्थानों को जनपद स्तर से अर्ह छात्र—छात्राओं हेतु स्मार्टफोन वितरण हेतु उपलब्ध करा दिये गये है। परन्तु कई कॉलेज / शैक्षिक संस्थानों द्वारा निर्धारित वितरण दिवस व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी डिजीशक्ति पोर्टल पर अन्तिम रूप से डिलीवर्ड स्टेटस मार्क नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में समय—समय पर सम्बन्धित कॉलेज / शैक्षिक संस्थानों को दूरभाष पर कई बार सूचित किया गया हैं परन्तु कतिपय कॉलेजो / संस्थानों द्वारा इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नही की गयी है न ही इस महत्वाकांक्षी योजना में रूचि ली जा रही है। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना मा0 मुख्यमंत्री की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल है। इस कारण यू0पी0डेस्को अथवा उ0प्र0 शासन द्वारा समय—समय पर की जाने वाली समीक्षा बैठको में अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि सभी कॉलेजों / शैक्षिक संस्थानों के अर्ह छात्र—छात्राओं के सापेक्ष वितरण दिवस को ही डिजीशक्ति पोर्टल पर शत—प्रतिशत स्मार्टफोन का वितरण कर अन्तिम रूप से डिलीवर्ड स्टेटस मार्क कराना सुनिश्चित करें तथा जिन कॉलेजो में वितरण दिवस व्यतीत हो जाने के उपरांत भी अभी तक डिजीशक्ति पोर्टल पर डिलीवर्ड स्टेटस मार्क नही किया है। वह कॉलेजों / शैक्षिक संस्थान डिलीवर्ड स्टेटस मार्क करने के उपरान्त इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा समस्त छात्र—छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर डिजीशक्ति पोर्टल पर भी डिलीवर्ड स्टेटस मार्क कर दिया गया हैं।

14/3/24
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. जिलाधिकारी, बरेली महोदय को सादर सचनार्थ।
2. अपर निदेशक, उच्च शिक्षा बरेली।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली।

कुलसचिव